आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शुक्रवार 02.08.2025

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान सम्मान निधि के तहत आज देशभर के नौ करोड़ से अधिक किसानों के खातों में बीस हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि जारी की।

2– स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज से प्रदेश में ''हर घर तिरंगा'' अभियान की शुरूआत हो गई है।

3– रायपुर और जबलपुर के बीच कल से शुरू होगी नई एक्सप्रेस ट्रेन–मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर रेलवे स्टेशन से दिखाएंगे हरी झंडी।

4– मानव तस्करी और धर्मांतरण के आरोप में दुर्ग से गिरफ्तार दो ननों को एनआईए कोर्ट ने जमानत दी।

<u>पीएम किसान सम्मान निधि</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वाराणसी से किसान सम्मान निधि की बीसवीं किस्त जारी की और देशभर के नौ करोड़ सत्तर लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में बीस हजार पांच सौ करोड़ रुपये अंतरित किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार निरंतर किसानों के लिए काम कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक दशक में किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी मेहनत से काम किया है।

आज यहां एक विराट किसान उत्सव का आयोजन हो रहा है। देश के दस करोड़ किसान भाईयों–बहनों के खातों में 21 हजार करोड़ रुपए पीएम किसान सम्मान नीधि के रूप में भेजे गये हैं और जब काशी से धन जाता है ना वो तो अपने आप प्रसाद बन जाता है।

श्री मोदी ने बताया कि सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए एक नई पीएम धन–धान्य योजना शुरू की है। इस योजना में देश के सौ ऐसे जिलों को शामिल किया गया है, जो कृषि उत्पादन में फिलहाल पिछड़े हुए हैं। श्री मोदी ने सभी से कहा कि वे त्योहारों के मौसम में स्थानीय उत्पादों को ही प्राथमिकता दें।

<u>पीएम किसान सम्मान–मुख्यमंत्री</u>

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के पच्चीस लाख सैंतालीस हजार से अधिक किसानों को भी मिला है। आज प्रधानमंत्री ने इस योजना के तहत पांच सौ तिरपन करोड़ से अधिक की राशि सीधे प्रदेश के किसानों के खातों में अंतरित की। इस अवसर पर रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताते हुए सभी किसान साथियों को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि केन्द्र सरकार ने अनेक योजनाएं धरातल पर लाकर किसानों की बेहतरी के लिए काम किया है।

किसान सम्मान निधि प्राप्त करने वाले किसानों ने इस योजना की तारीफ की है। दुर्ग जिले के किसान तोमन लाल साहू ने कहा कि इस योजना से उनके जीवन में काफी बदलाव आया है।

वहीं, किसान सुरेश कुमार साहू ने कहा कि इस योजना से उन्हें काफी मदद मिली है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक राज्य के किसानों को नौ हजार सात सौ पैंसठ करोड़ रूपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है।

हर घर तिरंगा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज से प्रदेश में ''हर घर तिरंगा'' अभियान की शुरूआत हो गई है। यह अभियान तीन चरणों में होगा। पहला चरण दो से आठ अगस्त, दूसरा चरण नौ से बारह अगस्त और तीसरा चरण तेरह से पंद्रह अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। यह अभियान ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' थीम पर आधारित है। अभियान के दौरान सभी भारतीय नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

पहले चरण में स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा आर्ट से सजाया जाएगा। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिताएं, तिरंगे के स्थानीय इतिहास पर प्रश्नोत्तरी और तिरंगा राखी निर्माण के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। वहीं, दूसरे चरण में सार्वजनिक स्थानों पर जनसहभागिता से तिरंगा मेला और तिरंगा कंसर्ट का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा तिरंगा रैली, बाईक और साइकिल रैली भी निकाली जाएगी। तीसरे और अंतिम चरण में शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों, बांधों और पुलों पर तिरंगा फहराया जाएगा तथा रोशनी की जाएगी। इस दौरान स्वच्छता और जल संरक्षण से संबंधित गतिविधियां भी होंगी।

रायपुर–जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन

प्रदेशवासियों को रायपुर और जबलपुर के बीच कल से एक नई एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल सुबह नौ बजे रायपुर रेलवे स्टेशन से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश और मंडल रेल प्रबंधक दयानंद भी उपस्थित रहेंगे।

नन–जमानत

मानव तस्करी और धर्मांतरण के आरोप में दुर्ग रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार की गई दो नन और एक अन्य आरोपी को जमानत मिल गई है। बिलासपुर एनआईए कोर्ट ने दोनों नन को पचास–पचास हजार रूपये के मुचलके पर जमानत दी है। न्यायालय के निर्देशों के अनुसार उन्हें अपना पासपोर्ट कोर्ट में जमा कराना होगा।

गौरतलब है कि बीती पच्चीस जुलाई को दुर्ग रेलवे स्टेशन से इन्हें गिरफ्तार किया गया था। इनके खिलाफ मानव तस्करी के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। यह मामला दुर्ग कोर्ट से खारिज होने के बाद बिलासपुर एनआईए कोर्ट पहुंचा था।

हाईकोर्ट–निजी स्कूल फीस

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा है कि राज्य सरकार को निजी स्कूलों की फीस तय करने के लिए कानून बनाने का अधिकार है। हाईकोर्ट ने यह फैसला गैर सरकारी विद्यालय शुल्क विनियमन अधिनियम और नियम दो हजार बीस को असंवैधानिक ठहराते हुए निजी स्कूलों द्वारा दायर की गई याचिका की सुनवाई के दौरान सुनाया। न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल और सचिन सिंह राजपूत की डिवीजन बेंच ने कहा कि फीस के लिए नियम तय करना राज्य सरकार का अधिकार है। अधिनियम का उद्देश्य केवल फीस में पारदर्शिता लाना है। कोई अधिनियम केवल इस आधार पर अवैध नहीं ठहराया जा सकता कि उससे किसी को असुविधा हो रही है।

मोटापा–अभियान

राज्य सरकार ने प्रदेश में मोटापे की समस्या से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान ''फिट इंडिया और स्वस्थ जीवनशैली'' के लिए अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत स्कूली बच्चों को पोस्टर के माध्यम से फास्ट फूड और मीठे पेय पदार्थों के कारण होने वाले मोटापे की समस्या के प्रति जागरूक किया जाएगा।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने स्कूलों को ऑयल बोर्ड और शुगर बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं, ताकि विद्यार्थियों को अत्यधिक तेल और चीनी के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जा सकेगा। नई शिक्षा नीति के तहत स्कूलों में स्वास्थ्य और पोषण शिक्षा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है।

भाजपा–सम्मान समारोह

भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के दौरान छत्तीसगढ़ से साठ लाख से अधिक नये सदस्य बनाने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मानित किया। नवा रायपुर के मुख्यमंत्री निवास में आयोजित विशेष कार्यक्रम में संगठन महामंत्री पवन साय सहित मंत्री, सांसद और विधायक मौजूद थे।

सीजीएमएससी–स्पष्टीकरण

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड–सीजीएमएससी ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में किसी भी मरीज अथवा अस्पताल को गुणवत्ताहीन कैल्शियम की गोलियों का वितरण नहीं किया गया है। सीजीएमएससी ने यह खुलासा कोरबा वेयर हाउस को गुणवत्ताहीन कैल्शियम विटामिन–डी टैबलेट्स भेजे जाने का मामला सामने आने के बाद किया है। संस्थान ने कहा कि मामले की जानकारी मिलते ही इन गुणवत्ताहीन टैबलेट्स के पूरे बैच को ब्लॉक कर दिया गया। इस टैबलेट की आपूर्ति करने वाले संस्थान को सैंपल प्रस्तुत करने और स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संस्था को नई दवाएं देने के लिए भी कहा गया है।

कौशल तिहार

राज्य कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा इक्कीस से इकतीस जुलाई तक प्रदेश के सभी जिलों में ''कौशल तिहार'' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में ढाई हजार से अधिक युवाओं ने भाग लिया, जिसमें से दो सौ अठासी प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। राज्य स्तर पर चुने हुए युवाओं को राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। वहीं, राष्ट्रीय स्तर पर चुने जाने के बाद वे अगले साल चीन के शंघाई होने वाले वर्ल्ड स्कील्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''नारायणपुर'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

संयंत्र–हादसा

जांजगीर में संचालित एक निजी संयंत्र में बीते अप्रैल महीने में हुए फर्नेस ब्लास्ट मामले में पुलिस ने लापरवाही बरतने के आरोप में कारखाना प्रबंधक और संचालक को गिरफ्तार किया है। इन पर औद्योगिक स्वास्थ्य सुरक्षा विभाग द्वारा आठ लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है। इस हादसे में मैनेजर और एक कर्मचारी की मौत हो गई थी। जबकि, ग्यारह अन्य घायल हुए थे।

संक्षिप्त समाचार

– इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के रायपुर क्षेत्रीय केन्द्र ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन और पंजीकरण के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ाकर पंद्रह अगस्त कर दी है।

– महासमुंद जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवारा घूमने वाले पशुओं के मालिकों पर लगाया जाएगा जुर्माना।

– मुंगेली पुलिस ने 'ऑपरेशन बाज' के तहत एक अंतर्राज्यीय पेशेवर चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए विभिन्न राज्यों में दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीस लाख रूपये से अधिक का सामान जब्त किया गया है।

– कोडागांव के जिला रोजगार और स्वरोजगार मागर्दशन केन्द्र द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज में आगामी छह अगस्त को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>